पशु चिकित्सकों को जानवरों के अस्थि भंग के इलाज का प्रशिक्षण

बीकानेर, (कासं)। पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के पशु शल्य चिकित्सा एवं विकिरण विभाग द्वारा फील्ड पशुचिकित्सकों के लिए बड़े जानवरों की हड्डी व जोड़ों से संबंधित विकारों के निदान व प्रबंधन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कुलगुरू राजुवास, बीकानेर डॉ. सुमंत व्यास ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को महाविद्यालय के शल्य चिकित्सा विभाग के गौरवशाली इतिहास एवं पशुचिकित्सा क्षेत्र में विभाग के उल्लेखनीय योगदान की जानकारी दी।

- **इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 8 राज्यों के 21 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं जिनमें एक प्रशिक्षणार्थी नेपाल से भी है**

कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने बताया कि वेटरनरी महाविद्यालय के शल्य चिकित्सा विभाग के पूर्व आचार्यों का वेटरनरी शल्य चिकित्सा क्षेत्र में बीकानेर ही नहीं अपितु देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी अभूतपूर्व योगदान है। कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण एवं अर्जित कौशल ज्ञान को फील्ड में पशुपालकों के हितार्थ उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। अधिष्ठाता एवं संकायाध्यक्ष प्रो. हेमन्त दाधीच ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व एवं विभाग में उपस्थित आधुनिक सुविधाओं से अवगत करवाते हुए कहा कि वेटरनरी महाविद्यालय का शल्य चिकित्सा विभाग अब मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा केन्द्र बन गया। जिसमें अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा उपकरणों से पशुओं का इलाज किया जा रहा है।

निदेशक क्लीनिक एवं प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 8 राज्यों के 21 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं जिनमें एक प्रशिक्षणार्थी नेपाल से भी है। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित प्रोजेक्ट ए.आई.एन.पी. डिमिस्का के अन्तर्गत आयोजित करवाया जा रहा है।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अनिल बिश्नोई ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बड़े जानवरों यथा गाय, भैंस, घोड़ा, ऊंट, बकरी इत्यादि के अस्थि भंग की विभिन्न तकनीक से इलाज के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रोग्राम के अन्त में निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने प्रशिक्षण की रूपरेखा को सराहनीय बताया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. साकार पालेचा एवं डॉ. महेन्द्र तंवर सह-संयोजक हैं।

वैज्ञानिक तरीके से भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास विषय पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सात दिवसीय प्रशिक्षण 14 से 20 नवम्बर तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण में राजस्थान सहित अन्य राज्यों के किसान एवं पशुपालक भाग ले सकते हैं। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. दीपाली धवन ने यह जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. शंकर लाल ने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में भेड़ एवं बकरी पालन से संबंधित सभी तरह की वैज्ञानिक जानकारी, सरकारी योजनाओं और भेड़ बकरी पालन से संबंधित बैंक ऋण आदि के संबंध में जानकारी देने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में पशुचिकित्सकों के फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम को कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने संबोधित किया।

भाई को पीटकर गहने-नगदी चोरी करने का आरोप

श्रीडूंगरगढ़,(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ के रानासर हंसावतान गांव में दादी के निधन के चौथे दिन घर में विवाद हो गया। यहां भाई-भतीजों पर अपने भाई को पीटकर दादी के गहने और नगदी ले जाने का आरोप लगा है। इस संबंध में श्रीडूंगरगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है।

परिवादी 32 वर्षीय जेठूसिंह पुत्र समुद्रसिंह राजपूत ने अपने गोद गए भाई भंवरसिंह (दत्तक पुत्र मालसिंह), भंवरसिंह की पुत्री कोमल कंवर, एक अन्य भाई देवीसिंह पुत्र समुद्रसिंह तथा देवीसिंह के पुत्र महेन्द्र सिंह व नरेन्द्र सिंह के खिलाफ आरोप लगाये हैं। परिवादी ने पुलिस को बताया कि उसने जमीन के बंटवारे के समय भाई भंवर सिंह को दो लाख रूपये उधार दिए थे। इस राशि की मांग करने पर भंवर सिंह और देवीसिंह उससे रंजिश रखने लगे। चार दिन पहले परिवादी की दादीसा का देहांत हो गया था, जिनकी बैठक में दोनों भाई शामिल नहीं हुए थे।

आठ नवम्बर की रात करीब 11 बजे जब परिवादी अपनी मां और बहन के साथ खाना खा रहा था। तभी आरोपी भाई-भतीजे और भतीजी लाठियां लेकर घर में घुस गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए कमरे में प्रवेश किया और जान से मारने की धमकी दी। परिवादी ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो सभी आरोपियों ने उसे घेर लिया और लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। जब बहन ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई और मां के साथ भी गाली-गलौज की गई।

आरोपी दादीसा का 5 तोले वजनी सोने का टेवटा और 75 हजार रुपये नगद लेकर चले गए।

बीकानेर के सांसद रहे धर्मेन्द्र की हालत नाजुक

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर से लोकसभा सांसद रहे धर्मेन्द्र की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें मुम्बई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धर्मेन्द्र वर्ष 2004 से 2009 तक बीकानेर के सांसद रहे थे।

सूत्रों के अनुसार उन्हें सांस लेने में तकलीफ के चलते वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। उनकी स्थिति को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक धर्मेन्द्र के लिए अगले 72 घंटे बेहद मुश्किल हैं। सूत्रों के मुताबिक धर्मेन्द्र के परिवार के सदस्य अस्पताल में मौजूद हैं। उनकी बेटियों को यूएसए से बुलाये जाने की खबर है।

बता दें कि धर्मेन्द्र ने अपने लम्बे करियर में कई बार स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना किया है। वे बॉलीवुड के सबसे फिट और सक्रिय वरिष्ठ कलाकारों में गिने जाते हैं। हाल ही में उनकी अपकमिंग फिल्म 'इक्कीस' का ट्रेलर भी रिलीज हुआ था, जिसमें उन्होंने दमदार अभिनय किया है। बीकानेर के सांसद रहने के दौरान लोकसभा क्षेत्र में नहीं आने और अधिकांश समय मुम्बई में ही व्यस्त रहने के कारण उनकी जमकर आलोचना होती थी। ऐसे में धर्मेन्द्र ने एक चुनाव के बाद राजनीति ही छोड़ दी। बीकानेर में वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के रामेश्वर डूडी के सामने धर्मेन्द्र को टिकट देकर सभी को चकित कर दिया था। काफी मजबूत दिखाई दे रहे डूडी को धर्मेन्द्र ने 57 हजार 175 वोटों से हरा दिया था।

सार-समाचार

किसान दल प्रशिक्षण के लिए रवाना

किसानों के दल को 5 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए संयुक्त निदेशक कृषि मदनलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बीकानेर, (कासं)। कृषि विभाग द्वारा आत्मा परियोजना के तहत 50 युवा प्रगतिशील कृषकों के दल को 5 दिवसीय प्रशिक्षण व भ्रमण के लिए कृषि भवन से हरी झंडी दिखाकर संयुक्त निदेशक कृषि मदनलाल, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) ममता, कृषि अधिकारी रामनिवास गोदारा व कविता गुप्ता ने रवाना किया। सहायक निदेशक कृषि (उद्यानिकी) मुकेश गहलोत ने बताया कि जिले में अनार उत्पादन व पॉली हाउस में संरक्षित खेती की व्यापक संभावना के मध्यनजर आत्मा परियोजना के तहत किसानों को राज्य के नागौर, अजमेर, भीलवाड़ा व उदयपुर के उन्नत कृषि व उद्यानिकी संस्थान का भ्रमण करवाया जायेगा जिससे किसान नव कृषि-उद्यानिकी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकें। गहलोत ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि बागवानी मिशन योजनान्तर्गत अनार-फल बगीचा स्थापना व पॉली हाउस स्थापना पर अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। बीकानेर क्षेत्र के किसान पॉली हाउस में खीरे की खेती से अच्छा लाभ कमा रहे हैं। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत सरक्षित खेती कार्यक्रम के तहत 2500 वर्ग मीटर पॉली हाउस स्थापना पर उद्यान विभाग द्वारा सामान्य किसान को 50 प्रतिशत तक अनुदान देय है। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति किसानों व लघु व सीमांत श्रेणी कृषकों को 70 प्रतिशत तक अनुदान देय है। आत्मा परियोजना के तहत प्रगतिशील किसान 10 से 14 नवम्बर तक अन्तर राज्य भ्रमण पर रहेंगे। प्रशिक्षण प्रभारी भंवर लाल पचार तथा मालाराम जाट, सहायक कृषि अधिकारी बस के साथ रवाना हुए।

डॉ. बी. सी. घीया का अभिनंदन

व्यापार उद्योग मंडल ने पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी. सी. घीया का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। व्यापार उद्योग मण्डल द्वारा आज पी.बी.एम. अस्पताल बीकानेर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी. सी. घीया का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल के अध्यक्ष जुगल राठी ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ. घीया ने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी निष्ठा, सेवा भावना और उत्कृष्ट कार्यशैली से बीकानेर सहित पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है। उनके द्वारा मरीजों की सेवा और अस्पताल प्रबंधन में किए जा रहे कार्य सराहनीय है। सचिव संजय जैन सांड ने डॉ घीया के दीर्घ अनुभव और समाज हित में किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक अभिनंदन ज्ञापित किया तथा उनके स्वस्थ, दीर्घ और प्रेरणास्पद एवम यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना की। इस अवसर पर मण्डल के पदाधिकारियों ने डॉ. घीया को साफा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. घीया ने अपने उद्बोधन में व्यापार उद्योग मण्डल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करना चाहिए तभी समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में मण्डल के प्रेमरतन जोशी, कमल बोथरा, सुशील कुमार यादव, शांतिलाल कोचर, भवंर सिंह राजपुरोहित, सहित अनेक व्यापारी, उद्यमी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

कंवलीसर में काम रूकवाया

नोखा, (कासं)। कंवलीसर में ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहे विकास कार्य को रूकवाने और प्रशासक के साथ जातिसूचक गाली-गलौच करने का मामला नोखा थाने में दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार कंवलीसर निवासी नेमीचंद पुत्र सुगनाराम मेघवाल ने शिकायत दर्ज कराई है। नेमीचंद ग्राम पंचायत कंवलीसर के प्रशासक हैं। उन्होंने बताया कि मेघवालों के मोहल्ले में सीसी ब्लॉक चौक निर्माण और अन्य विकास कार्यों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिली हुई थी और अक्टूबर से काम शुरू हो गया था। तड़के करीब साढ़े तीन बजे गांव के नेमसिंह, गजेसिंह, छैलूसिंह, राजूसिंह सहित चार-पांच अन्य लोग एक पिकअप में सवार होकर निर्माण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने वहां चल रहे कार्य को ध्वस्त करना शुरू कर दिया।

करणीनगर के 139 घरों का रजिस्ट्रेशन, पाइप लाइन से मिलेगी गैस

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहरवासियों को जल्दी ही पाइपलाइन से रसोई गैस की सुविधा मिलने लगेगी। पहले चरण में समता नगर, गांधीनगर और करणी नगर के 20 किमी में गैस पाइपलाइन बिछाई गई है। इन कॉलोनियों के 139 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराये हैं। इस साल के अंत तक इन घरों में पाइप लाइन के जरिए पीएनजी पहुंचने की उम्मीद है। गैसोनॉट कंपनी ने पहले चरण में करीब 200 किमी पाइप लाइन बिछाने का टारगेट रखा है।

- **करणी नगर रीको क्षेत्र में गैसोनेट का स्टेशन तैयार**
- **गैस वितरण का काम दिसम्बर तक शुरू होने की उम्मीद है**

रीको के करणी नगर औद्योगिक क्षेत्र में गैसोनॉट कंपनी का स्टेशन तैयार हो गया है। बीछवाल से सटे समता नगर, करणी नगर और गांधी नगर में गैस पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। अब तक करीब 20 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इसके साथ ही कंपनी के कर्मचारी गैस की सप्लाई लेने के लिए रजिस्ट्रेशन भी कर रहे हैं। अब तक करीब 139 घरों के रजिस्ट्रेशन होने के साथ ही कनेक्शन देने का काम भी चल रहा है। इन घरों में दिसम्बर के अंत तक गैस पहुंचाने का काम शुरू हो जायेगा। पीएनजी वर्तमान एलपीजी गैस से करीब 200 रूपए तक सस्ती होगी। हर घर के बाहर वॉल्व के पास मीटर लगा होगा, जिसमें रोजाना कंज्यूम होने वाली गैस की रीडिंग आ जायेगी। उपभोक्ताओं को घर बैठे ऑनलाइन पेमेंट कर गैस रिचार्ज करने की सुविधा मिलेगी। गैसोनॉट के प्रोजेक्ट मैनेजर गंगाप्रसाद बरूआ ने बताया कि फिलहाल यह सुविधा वहीं तक दी जायेगी, जहां तक गैस पाइप लाइन आसानी से जा सकती है।

केन्द्र सरकार के पेट्रोल एवं नेचुरल गैस नियामक बोर्ड के तहत पाइप लाइन से घरेलू गैस वितरण के लिए देश के कई शहरों में बिडिंग हुई थी। प्रदेश के 19 जिलों में पाइप लाइन से गैस वितरण कार्य के लिए अलग-अलग संस्थाएं काम कर रही हैं।

डी.पी. पचीसीया, अध्यक्ष जिला उद्योग संघ बीकानेर का कहना है कि पीएनजी और सीएनजी के लिए स्टेशन तैयार हो गया है। गैस वितरण का काम भी दिसम्बर तक शुरू होने की उम्मीद है। सस्ती गैस मिलने से उद्योगों को काफी राहत मिलेगी।

नोखा अस्पताल में 100 बेबी किट वितरित

नोखा,(कासं)। महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र और यूथ केन्द्र ने आज मांगीलाल बागड़ी राजकीय अस्पताल, नोखा के प्रसूति विभाग में 100 बेबी किट निःशुल्क वितरित किए। ये किट महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा उपलब्ध कराये गए थे।

पूर्व गवर्निंग काउंसिल सदस्य डॉ. एम. पी. तिवाड़ी ने बताया कि नवजात शिशु बैक्टीरियल संक्रमण के प्रति बहुत संवेदनशील होते हैं। क्योंकि उनका प्रतिरक्षा तंत्र पूरी तरह विकसित नहीं होता। ऐसे में ये हाइजीनिक बेबी किट संक्रमण से बचाव के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। यूथ केन्द्र अध्यक्ष वीर विनोद सेठिया ने बताया कि दिसम्बर माह के लिए बेबी किट वितरण नोखा निवासी लाभचंदजी प्रेमचंदजी छाजेड़ के आर्थिक सहयोग से किया जायेगा। डॉ. इंदुबाला बिश्नोई ने महावीर इंटरनेशनल के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान पर आभार व्यक्त किया।

जंगली सुअरों का शिकार करते तीन जनों को पकड़ा

रणजीतपुरा, (निसं)। रणजीतपुरा थाना क्षेत्र के गौडू गांव की रोही में सात जंगली सुअरों का शिकार किया गया। शिकार की बात फैलने पर जीव प्रेमियों के पीछा करने के दौरान तीन शिकारी घायल हो गए और उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

रणजीतपुरा पुलिस की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तीनों शिकारियों को पकड़ा। उनके पास से सात मृत सुअर, एक छुरी, दो भाले और शिकार में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की गई। क्षेत्रीय अधिकारी दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि ये शिकारी जंगली सुअरों को प्रशिक्षित कुत्तों से घेरकर भालों से शिकार करने में माहिर हैं।

वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो घायल शिकारियों के पास उनके कुत्ते बैठे मिले। आरडी 156 रेंज के क्षेत्रीय अधिकारी दीपेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार देर शाम रणजीतपुरा पुलिस से शिकारियों की सूचना मिली थी। टीम रणजीतपुरा से रावबाला रोड पहुंची, जहां एक क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो वाहन और तीन घायल लोग मिले। वाहन की तलाशी में सात मृत जंगली सुअर, दो भाले और एक छुरी बरामद की गई।

- **रणजीतपुरा के गौडू गांव की रोही में वन विभाग की कार्रवाई**
- **वाहन की तलाशी में सात मृत जंगली सुअर, दो भाले और एक छुरी बरामद**

घायल आरोपियों की पहचान रामारम बावरी (25 केएलडी), लक्ष्मण राम बल्लर और सूरियाराम (4 ए गंगानगर) के रूप में हुई।

पुलिस की मौजूदगी में डीएपी खाद का वितरण

बज्जू, (कासं)। बज्जू क्षेत्र के किसान सेवा केन्द्र पर डीएपी खाद की एक खेप पहुंची। खाद वितरण की सूचना मिलते ही सैकड़ों किसान वहां जमा हो गए। पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। लम्बी कतारों में महिलाएं भी खाद लेने पहुंची।

किसान भागीरथ बिश्नोई ने बताया कि वे खाद के लिए कई बार चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें अभी तक एक भी कट्टा नहीं मिला। उन्होंने यह भी बताया कि दूरदराज के चक और ढाणियों में खाद आने की सूचना देर से मिलती है। जब तक वे बज्जू आकर लाइन में लगते हैं, तब तक खाद खत्म हो चुकी होती है।

सेवा केन्द्र के करणी शर्मा ने बताया कि रैक मिलने पर किसानों को डीएपी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों में असंतोष है। फिर भी कृषि अधिकारियों के निर्देशानुसार उपलब्ध मात्रा के अनुसार सभी को डीएपी मुहैया कराई जा रही है।

कृषि विभाग के प्रदीप कुमार ने स्पष्ट किया कि फसल बुवाई के आंकड़े राज्य और केन्द्र सरकार के पास उपलब्ध रहते हैं। प्रत्येक क्षेत्र की मांग के अनुसार सरकार के माध्यम से विभिन्न कंपनियों को रैक आवंटित किए जाते हैं। खाद की मांग और उपलब्धता संबंधी जानकारी उच्चाधिकारियों को नियमित रूप से दी जाती है।

नागणेची के पास बनेगा ओवरब्रिज

बीकानेर, (कासं)। रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया को नागणेचीजी मंदिर मार्ग से जोड़ने के लिए ओवरब्रिज निर्माण जल्द ही शुरू हो सकता है।

ओवरब्रिज के लिए बनी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में 52 करोड़ रूपये की लागत मानी गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने फिलहाल 40 करोड़ रूपये ही आवंटित किए हैं। रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया में इस ओवरब्रिज के लिए साल 2024-25 में घोषणा की गई थी। प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई थी, लेकिन बजट नहीं मिला। ऐसे में ये काम पहले ही एक साल विलम्ब से शुरू हो रहा है। अब सरकार ने 40 करोड़ रूपए का बजट दिया है, जबकि जरूरत 52 करोड़ रूपए की है। इसकी निविदा प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जायेगी।

कपिल सरोवर से पंच मंदिर तक फ्लड लाइटें लगेगी : भाटी

कोलायत, (कासं)। कोलायत में कपिल सरोवर परिसर जल्द ही रोशनी से जगमगायेगा। कपिल मुनि मंदिर से पंच मंदिर तक के पूरे क्षेत्र में फ्लड लाइट और स्पॉट लाइट लगाई जायेगी। मंदिरों के गुंबद, पेड़-पौधों और होर्डिंग्स को आकर्षक रूप से सजाया जायेगा। इस सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

सानिवि विश्राम गृह में आयोजित एक बैठक में विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने इन कार्यों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कपिल सरोवर धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है, जहां साल भर श्रद्धालु आते हैं। सौन्दर्यीकरण से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

- **कपिल सरोवर धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है, जहां साल भर श्रद्धालु आते हैं**
- **सौन्दर्यीकरण से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी**

विधायक भाटी ने बताया कि सरोवर परिसर में 24 घंटे साफ-सफाई, बेहतर शौचालय व्यवस्था और निराश्रित पशुओं पर नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं को भी मजबूत किया जायेगा। यह कार्य विधायक निधि कोष, डीएमएफटी फंड और भामाशाहों के सहयोग से किया जायेगा।

बैठक के दौरान विधायक भाटी ने डिस्कॉम एक्सईएन को झझू चौराहे से अम्बेडकर सर्किल तक की 11 हजार केवी बिजली लाइन को भूमिगत करने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इस पहल से पुराने बिजली के खंभे हटाए जा सकेंगे और सड़कों को चौड़ा करने में मदद मिलेगी। लगभग एक किलोमीटर लम्बी इस लाइन को भूमिगत करने में दो करोड़ रूपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है। इस प्रस्ताव को ऊर्जा मंत्री और डिस्कॉम एमडी को भेजकर जल्द कार्य शुरू करवाया जायेगा।

बीटीयू ने किया एमओयू साइन

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय ने उद्योग और तकनीकी शिक्षा के बीच सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बीटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि पहला एमओयू बीटीयू, बीकानेर और कंटिन्युअस एक्सीलेंस प्राइवेट लिमिटेड, जोधपुर के बीच तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं परामर्श सेवाओं में सहयोग हेतु हस्ताक्षर गए हैं। वहीं दूसरा एमओयू बीटीयू और अक्युलैब रिसर्च एंड डवलपमेंट, मोरबी, गुजरात के बीच हुआ।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ़

क्रमांकः- दिनांकः-

कांतादेवी बनाम गणेशाराम

दावा

सम्मन आदेश 5 नियम 20सीपीसी के तहत वास्ते 1.सुरजाराम पुत्र स्व.कानाराम, जाति-जाट, निवासी-टेउ, 2.उमादेवी पत्नि स्व.आदित्य जाति जाट निवासी टेउ तहसील-श्रीडूंगरगढ़ आपको जरिये सम्मन सुचित किया जाता है कि वादीगण ने आपके खिलाफ वादगत खसरा नं.264,265,349 वाके रोही टेउ व खसरा नं.295, 296 वाके रोही झंझेऊ तहसील श्रीडूंगरगढ़ के संबंध में घोषणात्मक, विभाजन का दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको सुचित किया जाता है आप दावा का उतर देने के लिये व्यक्तिशः या जरिये अधिवक्ता आगामी तारीख पेशी 26.11.2025 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अन्यथा आपके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की जाकर निर्णय पारित कर दिया जायेगा। यह सम्मन आज दिनांक 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
श्रीडूंगरगढ़

जैन सिटी टाइटंस ने खजांची वॉरियर्स को हराकर बीकाजी यूनिटी क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

बीकानेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की यूथ विंग की ओर से आयोजित पहले बीकाजी यूनिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में जैन सिटी टाइटंस ने खजांची वॉरियर्स को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित टर्फ 360 में रविवार देर रात दूधिया रोशनी में आयोजित फाइनल मुकाबले में खजांची वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बारह ओवर में 121 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जैन सिटी टाइटंस ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जैन सिटी टाइटंस की ओर से सौरभ चांडक ने सर्वाधिक 74 रन बनाए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल थे।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की यूथ विंग की ओर से आयोजित पहले बीकाजी यूनिटी क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी के साथ विजेता टीम जैन सिटी टाइटंस के खिलाड़ी।

उन्होंने कहा कि यूथ विंग द्वारा युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से सराहनीय कार्य किया है। उद्यम के साथ ऐसे आयोजन करना आपसी समन्वय और सौहार्द को बढ़ाते हैं। युवा एक-दूसरे को समझ और जान पाते हैं, जो कि सामाजिक एकता की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता होती है। महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विनोद बाफना ने कहा कि वैश्य समाज के युवा प्रत्येक क्षेत्र में विशेष पहचान बना रहे हैं। कई युवा एंतरप्रन्योर के रूप में आगे आ रहे हैं। इन सभी के विजन से अन्य युवाओं को रूबरू करवाने में भी ऐसे आयोजनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सभी ने सकारात्मक भावना के साथ खेल का प्रदर्शन किया। यह अपने आपमें अच्छी उपलब्धि है। बीकाजी ग्रुप के संदीप अग्रवाल ने कहा कि खेल हमारे मन और मस्तिष्क में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। हमें संघर्ष करना और चुनौती के समक्ष डटने की सीख देते हैं।

- **जैन सिटी टाइटंस की ओर से सौरभ चांडक ने सर्वाधिक 74 रन बनाए**

पाक जा रहे पानी को नहरों में देने की मांग

श्रीगंगानगर, (कासं)। किसानों ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ज्ञापन देकर पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोककर राजस्थान की नहरों में देने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

मेघवाल ने भी किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करवाने का आश्वासन दिया। किसानों की ओर से इस संबंध में सौंपे ज्ञापन में पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोककर राजस्थान की नहरों में देने, पौंग बांध को 1400 फीट तक भरने, बीबीएमबी में राजस्थान के एक स्थायी सदस्य नियुक्ति, हुसैनीवाला से पुरानी बीकानेर कैनाल व इस्टर्न कैनाल को 45 बुर्जी तक पक्का करवाने, पंजाब में राजस्थान कैनाल की कच्ची 79 बुर्जी को पक्का करवाने, राजस्थान कैनाल के गेटों की क्षमता 18500 क्यूसेक तक बढ़ाने, राजस्थान कैनाल को लोहगढ़ हैड पर गेट की मरम्मत करवाने की मांग की।

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur 302017
पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश 2025-26

एफ.4/ए.वी.1/2025-26/अकादमिक/पीएचडी/02
सभी विभागों/केन्द्रों में सम समेस्टर 2025-26 (जनवरी 2026) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2025 है।
CBC 21312/12/0004/2526 रजिस्ट्रार

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियोजन/2025/1491 विज्ञप्ति दिनांक : 10-11-2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 किला नं. 21 के क्षेत्रफल 30'-0"X 55'-0" Feet का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 21512 दिनांक 28.08.2023 द्वारा श्री मदन रावल पुत्र श्री कन्हैयालाल निवासी ए-10 ग्रीन फील्ड एवेन्यु, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। उक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड माप 1650 वर्गफीट का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त ऑनलाईन नामान्तरण क्रमांक SGNR/FY25-26/MUT/894 दिनांक 27.10.2025 द्वारा श्री विराज गौड़ पुत्र श्री विशाल गौड़ निवासी मकान नं. 50, वृन्दावन विहार, श्रीगंगानगर के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को आवासीय से मिश्रित (वाणिज्यिक) भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार एई/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बावत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर